Sl.No. :

नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions – 20
No. of Printed Pages – 19

**SS–30–Accountancy**

Tear Here

# उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2025
# SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2025
## लेखाशास्त्र
## ACCOUNTANCY

**समय** : 3 **घण्टे** 15 **मिनिट**

**पूर्णांक** : 80

प्रश्न पत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें
TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

***GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :***

1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2) **सभी** प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

   **All** the questions are compulsory.

3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में ही लिखें।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

यहाँ से काटिए

4) **जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें।**

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

5) **प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तरण में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें।**

If there is any error / difference / contradiction in the Hindi & English versions of the question paper, the question of the Hindi version should be treated valid.

## <u>खण्ड – अ</u>

## <u>SECTION - A</u>

**1)** **बहुविकल्पी प्रश्न :** (i से xviii)

**निम्न प्रश्नों के उत्तर का सही विकल्प चयन कर उत्तर–पुस्तिका में लिखिए।**

Multiple Choice Questions : (i to xviii)

Answer the following questions by selecting the correct option and write them in the answer sheet.

i) **साझेदारी विलेख के अभाव में साझेदारों के बीच में लाभ–हानि का विभाजन किया जाता हैं –** **[1]**

**अ) पूँजी अनुपात में** **ब) समान अनुपात में**

**स) असमान अनुपात में** **द) (ब) व (स) दोनों**

In the absence of partnership deed the profit and loss is divided amongst the partners in -

A) Capital Ratio B) Equal Ratio

C) Unequal Ratio D) Both (B) and (C)

ii) **साझेदारी संलेख साझेदारों के मध्य ............ समझौता कहलाता है –** **[1]**

**अ) लिखित** **ब) मौखिक**

**स) गर्भित** **द) इनमें से कोई नहीं**

Partnership deed is the agreement between the partners in -

A) Written B) Oral

C) Implied D) None of these

iii) **त्याग अनुपात कब ज्ञात किया जाता हैं?** **[1]**

**अ) साझेदार के प्रवेश पर** **ब) साझेदार की निवृति पर**

**स) साझेदार की मृत्यु पर** **द) उपरोक्त सभी**

When sacrifice ratio is calculated?

A) Admission of a partner B) Retirement of a partner

C) Death of a partner D) All of the above

iv) किसी नये साझेदार के प्रवेश पर सम्पतियों व दायित्वों के मूल्य में हुई वृद्धि/कमी को दिखाया जाएगा –[1]

अ) लाभ–हानि नियोजन खाते में ब) लाभ–हानि खाते में

स) पुनर्मूल्यांकन खाते में द) वसूली खाते में

At the time of admission of a new partner increase/decrease in the value of assets and liabilities will be written in the -

A) Profit & Loss Appropriation A/c B) Profit & Loss A/c

C) Revaluation A/c D) Realisation A/c

v) नये साझेदार द्वारा ख्याति की राशि नकद लाने की प्रविष्टि हैं – [1]

अ) रोकड़ खाता नाम
ख्याति खाते से

ब) ख्याति खाता नाम
रोकड़ खाते से

स) रोकड़ खाता नाम
नए साझेदार के पूँजी खाते से

द) नए साझेदार का पूँजी खाता नाम
ख्याति खाते से

Entry for amount to goodwill bring in cash by a new partner is -

A) Cash A/c Dr.
To Goodwill A/c

B) Goodwill A/c Dr.
To Cash A/c

C) Cash A/c Dr.
To New Partners Capital A/c

D) New Partners Capital A/c Dr.
To Goodwill A/c

vi) अ, ब तथा स लाभों को 2 : 2 : 1 में बाँटते हुए साझेदार हैं। अ सेवानिवृत होता है तथा उसका हिस्सा ब तथा स द्वारा 3 : 2 के अनुपात में ले लिया जाता है। नया अनुपात ज्ञात कीजिए। [1]

अ) 16 : 9 ब) 9 : 6

स) 4 : 3 द) 1 : 1

A, B and C are partners sharing profits in the ratio of 2 : 2 : 1. A retires and his share is taken by B and C in the ratio of 3 : 2. Find out new ratio -

A) 16 : 9 B) 9 : 6

C) 4 : 3 D) 1 : 1

vii) किसी साझेदार के अवकाश ग्रहण पर फर्म के चिट्ठे में उपलब्ध अवितरित लाभों का वितरण साझेदारों में किस अनुपात में किया जायेगा? [1]

अ) नये अनुपात में ब) समान अनुपात में

स) फायदे के अनुपात में द) पुराने अनुपात में

On retirement of a partner the undistributed profits available in the balance sheet of firm is distributed among the partners in the ratio of -

A) In new ratio B) In equal ratio

C) In Gaining ratio D) In old ratio

viii) विधमान साझेदारों के द्वारा सेवानिवृत/मृत साझेदार के भाग का अधिग्रहण करने पर किसी भी सूचना के अभाव में यह माना जाएगा कि उन्होंने अपना भाग अधिग्रहित किया है – [1]

अ) पुराने लाभ विभाजन अनुपात में ब) नए लाभ विभाजन अनुपात में

स) समान अनुपात में द) उपरोक्त में से कोई नहीं

In the absence of any information regarding the acquisition of share in profit of the retiring/deceased partner by the remaining partners, it is assumed that they will acquire his/her share -

A) Old profit sharing ratio B) New profit sharing ratio

C) Equal Ratio D) None of these

ix) निम्नलिखित में से फर्म के विघटन का प्रकार हैं – [1]

अ) समझौते द्वारा विघटन ब) अनिवार्य विघटन

स) न्यायालय द्वारा विघटन द) उपरोक्त सभी

Which of the following is type of dissolution of a firm?

A) Dissolution by agreement B) Compulsory dissolution

C) Dissolution by the Court D) All of the above

x) फर्म के विघटन पर किसी साझेदार द्वारा सम्पति लेने पर साझेदार के खाते को किया जायेगा – [1]

अ) नाम ब) जमा

स) (अ) व (ब) दोनों द) उपरोक्त में से कोई नहीं

If a partner took asset on the dissolution of a firm, partner's capital account will be -

A) Debit B) Credit

C) (A) and (B) both D) None of these

xi) कम्पनी के स्वामी कौन–से अंशधारी कहलाते हैं? [1]

अ) समता अंशधारी ब) पूर्वाधिकार अंशधारी

स) ऋणपत्रधारी द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Which shareholders are called owner of the company?

A) Equity shareholder B) Preference shareholder

C) Debenture holder D) None of these

xii) एक्स लिमिटेड द्वारा विक्रेता से ₹ 6,00,000 में मशीन क्रय कर इसके पुर्ण भुगतान हेतु विक्रेता को ₹ 100 वाले समता अंश 20% प्रीमियम पर जारी किये, निर्गमित अंशों की संख्या होगी – **[1]**

अ) 6,000 ब) 4,000

स) 7,500 द) 5,000

X Limited purchased a machine of worth ₹ 6,00,000 from a vendor for it's full payment it issued equity share of ₹ 100 each at 20% premium, what will be Numbers of issued share?

A) 6,000 B) 4,000

C) 7,500 D) 5,000

xiii) अग्रिम माँग राशि प्राप्त करने पर कौनसा खाता नाम किया जायेगा? **[1]**

अ) बकाया माँग खाता ब) बैंक खाता

स) अंशधारी का खाता द) अग्रिम माँग खाता

Which account is to be debited on receive of calls in advance?

A) Calls in Arrear A/c B) Bank A/c

C) Shareholder A/c D) Calls in Advance A/c

निम्न को पढ़िए और नीचे दिए गये प्रश्नों (प्रश्न संख्या xiv से xvii) के उत्तर दीजिए :–

विशाल लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 2,000, 9% ऋणपत्र 10% प्रीमियम पर जारी करने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए। कुल आवेदन राशि ₹ 50 प्रति ऋणपत्र की दर से (प्रीमियम सहित) ₹ 1,50,000 प्राप्त हुई।

Read the following and give answer the following questions (Question number xiv to xvii) :-

Vishal Limited had invited application for 2,000, 9% debenture of ₹ 100 each at a premium of 10%. Total application money received at ₹ 50 per debenture (including premium) is ₹ 1,50,000.

xiv) अभिदान का प्रकार हैं – **[1]**

अ) अधि–अभिदान ब) न्यूनतम–अभिदान

स) न्यून–अभिदान द) सम–अभिदान

Type of subscription is -

A) Over-Subscription B) Minimun Subscription

C) Under Subscription D) Equal-Subscription

xv) अभिदान के लिए कितनी संख्या में आवेदन पत्र प्राप्त हुए? **[1]**

अ) 1,000 ऋणपत्र    ब) 2,000 ऋणपत्र

स) 3,000 ऋणपत्र    द) 4,000 ऋणपत्र

How many numbers of applications were received for subscription?

A) 1,000 Debentures    B) 2,000 Debentures

C) 3,000 Debentures    D) 4,000 Debentures

xvi) आवेदन पर प्राप्त कुल प्रीमियम की राशि होगी – **[1]**

अ) ₹ 25,000    ब) ₹ 50,000

स) ₹ 30,000    द) ₹ 1,50,000

The total amount of premium received on application is -

A) ₹ 25,000    B) ₹ 50,000

C) ₹ 30,000    D) ₹ 1,50,000

xvii) 9% ऋणपत्र खाते को आवेदन पर कितनी राशि से जमा किया जायेगा? **[1]**

अ) ₹ 1,50,000    ब) ₹ 1,00,000

स) ₹ 1,20,000    द) ₹ 80,000

How much amount will be credited in 9% debentures account on application?

A) ₹ 1,50,000    B) ₹ 1,00,000

C) ₹ 1,20,000    D) ₹ 80,000

xviii) निवेश क्रियाओं से रोकड़ अन्तर्वाह से संबंधित मद हैं – **[1]**

अ) माल की नकद बिक्री    ब) स्थायी सम्पति की नकद बिक्री

स) अंशों का निर्गमन    द) उपरोक्त में से कोई नहीं

Item which is related to cash inflow from investing activity is -

A) Cash sale of goods    B) Cash sale of fixed asset

C) Issue of shares    D) None of these

2) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : (i से vi)

Fill in the blanks : (i to vi)

i) साझेदारी व्यवसाय में साझेदारों की न्यूनतम सदस्य संख्या ................ होती हैं। (एक/दो) **[1]**

The minimum number of partners are ________ in partnership business. (One/Two)

ii) पुनर्मुल्यांकन खाते से लाभ होने पर साझेदारों के पूँजी खातों में ................ किया जाता है। (नाम/जमा) **[1]**

Profit on revaluation account is to be __________ in partners capital account. (Debited/Credited)

iii) साझेदार की मृत्यु के बाद उसको देय रक़म उसके ................. प्राप्त की जाती हैं। (पुत्र द्वारा/उत्तराधिकारी द्वारा) **[1]**

After the death of a partner amount payable to him is received by ________. (his son/his executor)

iv) फर्म के विघटन पर लाभ–हानि खाते के नाम शेष को .................... हस्तान्तरित किया जाता हैं। (वसूली खाते में/साझेदारों के पूँजी खाते में) **[1]**

At the dissolution of a partnership firm, debit balance of profit and loss account will be transferred to __________. (Realisation A/c/Partners Capital A/c)

v) कम्पनी के पार्षद सीमानियम में लिखित अधिकतम पूँजी .................... कहलाती हैं। (अधिकृत पूँजी/निर्गमित पूँजी) **[1]**

The maximum capital written in memorandum of association of a company is called _________. (Authorised Capital/Issued Capital)

vi) अमोचनीय ऋणपत्रों को .............. ऋणपत्र के नाम से भी जाना जाता हैं। (चालू/स्थायी) **[1]**

Irredeemable debentures are known as ______ debentures. (Current/Perpectual)

**3)** **अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न :** (i से xii)

Very short answer type questions : (i to xii)

i) **साझेदारी संलेख कितने प्रकार के होते है, उनके नाम लिखिए।** **[1]**

How many types of partnership deeds are their, write names.

ii) **नया लाभ विभाजन अनुपात ज्ञात करने का सूत्र लिखिए।** **[1]**

Write formula for finding out new profit sharing ratio.

iii) **एक फर्म में एक्स व वाई 3 : 2 के अनुपात में लाभ विभाजन करते हुए साझेदार है। जेड लाभों में ¼ हिस्से के लिए प्रवेश करता है जेड अपना हिस्सा एक्स व वाई से समान अनुपात में प्राप्त करता है। नया अनुपात ज्ञात कीजिए।** **[1]**

X and Y are partners in a firm sharing profit in the ratio of 3 : 2. Z is admitted for ¼th share Z took his share from X and Y in equal ratio. Find out new ratio.

iv) **एक फर्म का अधिलाभ ₹ 2,500 है तथा सामान्य प्रत्याय की दर 10% है तो अधिलाभों के पूँजीकरण विधि से ख्याति का मूल्य ज्ञात कीजिए।** **[1]**

Super profit of a firm is ₹ 2,500 and normal rate of return is 10% then find out the value of goodwill by capitalisation of super profit method.

v) **अ, ब व स एक फर्म में** $\frac{2}{5}:\frac{2}{5}:\frac{1}{5}$ **के अनुपात में लाभ बाँटते हुए साझेदार है। ब फर्म से अवकाश ग्रहण करता है, नये अनुपात की गणना कीजिए।** **[1]**

A, B and C are partners in a firm sharing profit in the ratio of $\frac{2}{5}:\frac{2}{5}:\frac{1}{5}$. B retires from the firm. Calculate new profit ratio.

vi) एक फर्म के समापन पर गैर अभिलिखित सम्पति के विक्रय की प्रविष्टि दीजिए। [1]

Give journal entry for sale of not recorded asset on dissolution of a firm.

vii) बकाया माँग हेतु प्रविष्टि लिखिए। [1]

Write entry for calls in Arrear.

viii) ऋणपत्र से क्या तात्पर्य हैं? [1]

What do you mean by debenture?

ix) किन्हीं दो चालू दायित्वों के नाम लिखिए। [1]

Write names of any two current liabilities.

x) निम्नलिखित सूचना से चालू सम्पतियों का मूल्य ज्ञात कीजिए – [1]

चालू अनुपात 2 : 1, चालू दायित्व ₹ 5,00,000

Find the value of current Assets from the following information -

Current Ratio 2 : 1, Current Liability ₹ 5,00,000

xi) विनियोग क्रियाकलापों से रोकड़ अन्तर्वाह की कोई दो मदें लिखिए। [1]

Write any two items of cash inflow from investing activities.

xii) लेखा मानक – 3 किससे संबंधित हैं? [1]

What does Accounting standard - 3 related to?

## खण्ड – ब

## SECTION - B

**लघुत्तरात्मक प्रश्न : (शब्द सीमा 50 शब्द)**

Short answer type questions : (Word Limit 50 Words)

4) **एक फर्म में हेमा व मीना साझेदार है। हेमा प्रत्येक माह की प्रथम तिथि को ₹ 2,000 तथा मीना प्रत्येक माह की अंतिम तिथि को ₹ 4,000 वर्ष पर्यन्त आहरण करती हैं। आहरण पर 12% वार्षिक दर से ब्याज लगाया जाता हैं। आहरण पर ब्याज की गणना कीजिए।** **[2]**

Hema and Meena are partners in a firm. Hema withdrew ₹ 2,000 at the beginning of each month whereas, Meena withdrew ₹ 4,000 at the end of each month during the whole year. Interest on drawing is charged @12% per annum. Calculate interest on drawing.

5) **एक फर्म की पूँजी ₹ 4,00,000 है व औसत लाभ ₹ 60,000 तथा सामान्य प्रत्याय दर 10% है। ख्याति का मूल्य अधिलाभों के तीन वर्षो के क्रय के आधार पर ज्ञात कीजिये।** **[2]**

Capital of the firm is ₹ 4,00,000 and average profit of the firm is ₹ 60,000 and Normal rate of return is 10%. Goodwill is to be valued at three years purchase of super profits. Calculate the value of the Goodwill.

6) **अ, ब व स लाभों का विभाजन 3 : 2 : 1 के अनुपात में करते हुए साझेदार है। ख्याति को पुस्तकों में ₹ 30,000 के मूल्य पर दर्शाया गया है। ब सेवानिवृत होता है तथा ब के सेवानिवृति के समय ख्याति का मूल्यांकन ₹ 42,000 पर किया गया। फर्म की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।** **[2]**

A, B and C are partners sharing profits in the ratio of 3 : 2 : 1. Goodwill is appearing in the books at a value of ₹ 30,000. B retires and at the time of B's retirement, goodwill is valued at ₹ 42,000. Give necessary entries in the books of the firm.

7) निम्न सूचनाओं के आधार पर एक साझेदार को भुगतान की जाने वाली राशि की गणना कीजिए एवं इसकी आवश्यक जर्नल प्रविष्टि कीजिए। उसके पूँजी खाते का नाम शेष ₹ 25,000, वसूली खाते में लाभ का हिस्सा ₹ 60,000, उसने फर्म की सम्पति ₹ 13,000 में खरीदी। **[2]**

On the basis of the following information calculate the amount to be paid to a partner and pass necessary journal entries of it. Debit balance of his capital account is ₹ 25,000, his share of profit on realisation is ₹ 60,000, asset of the firm taken over by him for ₹ 13,000.

8) असीमित कम्पनी से क्या आशय है? **[2]**

What is meant by Unlimited Company?

9) चौहान लिमिटेड ₹ 50,00,000 की पूँजी से पंजीकृत है जो ₹ 100 वाले समता अंशों में विभाजित है। कम्पनी ₹ 100 वाले 30,000 समता अंश अभिदान के लिए आमंत्रित करती है। सभी अंश क्रय करने के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए तथा समस्त माँग राशियाँ यथा समय प्राप्त हुई। कम्पनी के तुलन पत्र में पूँजी को दर्शाइए। **[2]**

Chouhan Limited registered with ₹ 50,00,000 capital it's divided in equity share of ₹ 100 each. Company had invited for 30,000 equity shares of subscription @ ₹ 100 each. Applications received for subscription of all shares and all call money received on due date. Show capital in balance sheet of the company.

10) यदि ₹ 2,50,000 के 8% ऋणपत्रों को ₹ 12,500 बट्टे पर निर्गमित किया गया हो तो ऋणपत्रों के निर्गमन की प्रविष्टि दीजिए एवं बट्टे की दर ज्ञात कीजिए। **[2]**

If 8% debentures of worth ₹ 2,50,000 issued at a discount of ₹ 12,500. Give journal entry for issue of debentures and find out the rate of discount.

**11)** **महादेव लि. ने प्रति ऋणपत्र ₹ 100 पर 3,000, 9% ऋणपत्रों को 10% प्रीमियम पर निर्गमित किया जो निम्नानुसार देय है –** **[2]**

| | | |
|---|---|---|
| **आवेदन पर** | ₹ | 50 |
| **आबंटन पर** | ₹ | 60 **(प्रीमियम सहित)** |

**सभी ऋणपत्र अभिदत्त हुए और सम्पूर्ण राशि यथासमय प्राप्त हुई। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।**

Mahadev Ltd. issued 3,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 10% Premium. Debenture payable are as follows :-

| | | |
|---|---|---|
| On application | ₹ | 50 |
| On allotment | ₹ | 60 (including premium) |

The debentures were fully subscribed and all money was duly received. Give necessary entries in the books of the company.

**12)** **निम्नलिखित सूचना से व्यापारिक प्राप्य आवर्त अनुपात का परिकलन कीजिए :–** **[2]**

**प्रचालन से कुल आगम** ₹ 2,00,000

**प्रचालन से नकद आगम = प्रचालन से कुल आगम का** 20%

1.04.2023 **को व्यापारिक प्राप्य** ₹ 20,000

31.03.2024 **को व्यापारिक प्राप्य** ₹ 60,000

Calculate the Trade receivables turnover ratio from the following information :-

Total Revenue from operations ₹ 2,00,000

Cash Revenue from operation = 20% of total Revenue from operations

Trade receivables as at 1.04.2023 ₹ 20,000

Trade receivables as at 31.03.2024 ₹ 60,000

**13)** **निम्नलिखित सूचनाओं से कर आयोजन खाता बनाकर कर भुगतान की राशी ज्ञात करें :–** **[2]**

**कर आयोजन का प्रारम्भिक शेष** ₹ 30,000 **तथा अन्तिम शेष** ₹ 10,000 **वर्ष के दौरान** ₹ 40,000 **का कर के लिये प्रावधान किया।**

Find the amount of tax paid by preparing provision for Tax Account from the following information -

Opening balance of provision for tax ₹ 30,000 and closing balance ₹ 10,000, during the year provision made for tax ₹ 40,000.

## खण्ड – स

## SECTION - C

**दीर्घउत्तरात्मक प्रश्न : (उत्तर शब्द सीमा लगभग 100 शब्द)**

Long answer type questions : (Answer word limit approx : 100 words)

**14)** **ममता और मोनू एक व्यवसाय में लाभों को 5 : 3 में बाँटते हुए साझेदार है। वे रेखा को लाभ में ¼ हिस्से के लिए शामिल करती है जो कि ममता और मोनू द्वारा बराबर दिया जायेगा। रेखा के प्रवेश के समय फर्म का चिट्ठा निम्न प्रकार था :–** **[3]**

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| ममता की पूँजी | 1,00,000 | मशीनरी | 70,000 |
| मोनू की पूँजी | 60,000 | फर्नीचर | 30,000 |
| सामान्य संचय | 32,000 | रहतिया | 20,000 |
| लेनदार | 8,000 | बैंक शेष | 80,000 |
| | 2,00,000 | | 2,00,000 |

**रेखा के प्रवेश की शर्तें निम्नलिखित थी :–**

i) **रेखा अपने हिस्से की पूँजी तथा ख्याति के लिए ₹ 60,000 लाएगी।**

ii) **फर्म की ख्याति का मूल्यांकन अधिलाभ ₹ 16,000 के तीन वर्षो के क्रय के बराबर किया जाए।**

iii) **मशीन, फर्नीचर एवं रहतिया के पुनर्मूल्यांकन क्रमशः ₹ 60,000, ₹ 24,000 एवं ₹ 16,000 पर किया गया हैं।**

**उपरोक्त सूचनाओं से फर्म की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिये।**

Mamta and Monu share the profits of a business in the ratio of 5 : 3. They admitted Rekha into the firm for ¼$^{th}$ share in profits which is to be contributed equally by Mamta and Monu. On the date of admission of Rekha the Balance sheet of the firm was as follows :-

| | (₹) | | (₹) |
|---|---|---|---|
| Mamta's Capital | 1,00,000 | Machinery | 70,000 |
| Monu's Capital | 60,000 | Furniture | 30,000 |
| General Reserve | 32,000 | Stock | 20,000 |
| Creditors | 8,000 | Bank Balance | 80,000 |
| | 2,00,000 | | 2,00,000 |

Terms of Rekha's admission were as follows :-

i) Rekha will bring ₹ 60,000 for her share of capital and goodwill.

ii) Goodwill of the firm has been valued at 3 years purchase of the super profit of ₹ 16,000.

iii) Machinery, furniture and stock are revalued at ₹ 60,000, ₹ 24,000 and ₹ 16,000 respectively.

Give necessary journal entries in the books of the firm.

अथवा/OR

**सूची (अ) का सूची (ब) के साथ मिलान कीजिए :–** **[3]**

| **सूची (अ) व्यवहार** | **सूची (ब) खातों का पक्ष** |
|---|---|
| i) **सम्पतियों के मूल्य में वृद्धि** | A) **साझेदार के पूँजी खाते का जमा पक्ष** |
| ii) **दायित्वों के मूल्य में वृद्धि** | B) **साझेदार के पूँजी खाते का नाम पक्ष** |
| iii) **संचित लाभों का पूँजी खाते में हस्तान्तरण** | C) **पुनर्मूल्यांकन खाते का नाम पक्ष** |
| iv) **पुनर्मूल्यांकन खाते से हानि का पूँजी खाते में हस्तान्तरण** | D) **पुनर्मूल्यांकन खाते का जमा पक्ष** |

Match the list (A) with list (B) :-

| List (A) Transactions | List (B) Side of Accounts |
|---|---|
| i) Increase in value of Assets | A) Credit side of Partners Capital A/c |
| ii) Increase in value of Liabilities | B) Debit side of Partners Capital A/c |
| iii) Accumulated profits transferred into Partners Capital A/c | C) Debit side of Revaluation A/c |
| iv) Loss on Revaluation A/c Transferred into Partners Capital A/c | D) Credit side of Revaluation A/c |

15) कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के भाग I के अनुसार निम्न मदों को कम्पनी के चिट्ठे में दर्शाइए :– **[3]**

| | | |
|---|---|---|
| समता अंश पूँजी | ₹ | 1,00,000 |
| पूँजी संचय | ₹ | 35,000 |
| कर के लिए आयोजन | ₹ | 15,000 |
| 8% ऋणपत्र | ₹ | 50,000 |
| रहतिया | ₹ | 40,000 |
| भवन | ₹ | 1,60,000 |

Show the following items in balance sheet according to company Act, 2013 Schedule III of Part I :-

| | | |
|---|---|---|
| Equity Share Capital | ₹ | 1,00,000 |
| Capital Reserve | ₹ | 35,000 |
| Provision for Taxation | ₹ | 15,000 |
| 8% Debenture | ₹ | 50,000 |
| Inventory | ₹ | 40,000 |
| Building | ₹ | 1,60,000 |

अथवा/OR

भारतीय कम्पनी अधिनियम 2013 की अनुसूची III के भाग I के अनुसार निम्न मदों के मुख्य शीर्षक तथा उप शीर्षक लिखिए :– **[3]**

| मदें | मुख्य शीर्षक | उप शीर्षक |
|---|---|---|
| i) अल्पकालीन विनियोग | ........................ | ........................ |
| ii) दीर्घकालीन ऋण | ........................ | ........................ |
| iii) खुले औजार | ........................ | ........................ |

Write the major head and sub-head the following items, according to Company Act 2013 as per Schedule III of Part I :-

| Items | Major Head | Sub Head |
|---|---|---|
| i) Short term Investment | ________________ | ________________ |
| ii) Long term Borrowings | ________________ | ________________ |
| iii) Loose and Tools | ________________ | ________________ |

**16)** **निम्न सूचनाओं से (i) सकल लाभ अनुपात (ii) परिचालन अनुपात (iii) शुद्ध लाभ अनुपात ज्ञात कीजिए :–[3]**
**विक्रय ₹ 4,00,000, बेचे गये माल की लागत ₹ 2,40,000, प्रशासनिक व्यय ₹ 50,000, बिक्री व्यय ₹ 30,000, अग्नि से हानि ₹ 30,000, विनियोग से आय ₹ 10,000.**

Calculate : (i) Gross Profit ratio (ii) Operating ratio (iii) Net Profit ratio from the following informations :-
Sales ₹ 4,00,000, Cost of goods sold ₹ 2,40,000, Administrative expenses ₹ 50,000, Selling expenses ₹ 30,000, Loss by fire ₹ 30,000, Income from investment ₹ 10,000.

**अथवा**/OR

**निम्न सूचनाओं से निवेश पर प्रत्याय तथा अंशधारक निधि पर प्रत्याय की दर ज्ञात कीजिए :–** **[3]**

**समता अंश पूँजी (@ ₹ 100 प्रति अंश) ₹ 8,00,000**

8% **ऋणपत्र** ₹ 10,00,000

**सामान्य संचय** ₹ 2,00,000

**कर के पश्चात शुद्ध लाभ** ₹ 1,20,000

**कर की दर** = 40%

Calculate of Return on Investment and Return on net worth (Shareholder Fund) from the following informations :-
Equity share capital (@ ₹ 100 per share) ₹ 8,00,000
8% Debenture ₹ 10,00,000
General Reserve ₹ 2,00,000
Net Profit after Tax ₹ 1,20,000
Rate of Tax = 40%

**17)** **वर्षिता लिमिटेड ने सम्पतियों पर ₹ 5,000 का ह्रास प्रभारित करने के पश्चात व सामान्य संचय में ₹ 7,000 हस्तान्तरण के बाद ₹ 43,000 का लाभ अर्जित किया।** **[3]**

**अन्य सूचनाएँ :–**

i) **प्रारम्भिक व्यय ₹ 4,000 को अपलिखित किया गया।**

ii) **उपार्जित आय में वृद्धि** ₹ 10,000

**प्रचालन क्रियाओं से रोकड़ प्रवाह ज्ञात कीजिए।**

Varshita Limited made a profit of ₹ 43,000 after charging depreciation of ₹ 5,000 on assets and a transfer to general reserve of ₹ 7,000.
Other Informations :-

i) The preliminary expenses amortised was ₹ 4,000.

ii) Accrued income increased by ₹ 10,000

Ascertain cash flow from operating activities.

**अथवा**/OR

निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर ''विनियोग क्रियाओं'' से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए :- **[3]**

| | 2023 (₹) | 2024 (₹) |
|---|---|---|
| मशीन | 5,00,000 | 3,00,000 |
| फर्नीचर | 2,00,000 | 2,50,000 |

चालू वर्ष में निवेश पर ब्याज प्राप्त किया ₹ 20,000.

Calculate the cash flow from "Investing Activities" from the following informations :-

| | 2023 (₹) | 2024 (₹) |
|---|---|---|
| Machine | 5,00,000 | 3,00,000 |
| Furniture | 2,00,000 | 2,50,000 |

₹ 20,000 interest received on investment during the current year.

## खण्ड – द
## SECTION - D

**निबन्धात्मक प्रश्न : (शब्द सीमा 200 शब्द)**

Essay type questions : (Word Limit 200 words)

**18)** पी, क्यू और आर साझेदारी में 2 : 3 : 1 अनुपात में लाभ–हानि बाँटते हैं। वर्ष के प्रारम्भ में पी अवकाश ग्रहण करता हैं और अपने हिस्से को क्यू और आर को ₹ 80,000 में बेच देता है, जिसमें से ₹ 30,000 क्यू देता है और ₹ 50,000 आर देता है। पी के अवकाश ग्रहण के बाद फर्म का लाभ ₹ 1,20,000 था। **[4]**

नये लाभ–हानि बंटन अनुपात की गणना करें एवं हिस्सा बेचने तथा लाभ बाँटने की प्रविष्टियाँ कीजिए।

P, Q and R are partners sharing profits and losses in the ratio of 2 : 3 : 1. At the beginning of the year P retires after selling his share to Q and R for ₹ 80,000, out of which ₹ 30,000 being paid by Q and ₹ 50,000 by R. The profit of the firm for the year after P's retirement is ₹ 1,20,000.

Calculate new Profit & Loss sharing ratio and pass entries for sales of share and distribution of profit.

अथवा/OR

सुमेश, नीलम व गायत्री 3 : 2: 1 में लाभ विभाजन करते हैं। गायत्री अवकाश ग्रहण करती हैं। गायत्री को नकद भुगतान किया जाता है। अवकाश ग्रहण की तिथि को उनकी समायोजित पूँजी क्रमशः ₹ 60,000, ₹ 80,000 व ₹ 60,000 थी। चिट्ठे में रोकड़ शेष ₹ 40,000 था। रोकड़ शेष ₹ 20,000 रखना है। शेष साझेदारों द्वारा लायी अथवा ले जायी जाने वाली राशि ज्ञात कीजिए। तथा फर्म की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।

**[4]**

Sumesh, Neelam and Gayatri are partners sharing profit in 3 : 2: 1 ratio. Gayatri retires and cash is paid to Gayatri. Their adjusted capital on the date of retirement is ₹ 60,000, ₹ 80,000 and ₹ 60,000 respectively. Cash balance was ₹ 40,000 in balance sheet. Cash balance is to be kept of ₹ 20,000. Calculate the actual cash to be paid or bought in by remaining partners and give necessary entries in the books of the firm.

**19)** **तुषार लिमिटेड ने 20,000 समता अंश जो कि ₹ 10 प्रत्येक के हैं, निर्गमित किए। इन पर देय राशियाँ इस प्रकार हैं :-** **[4]**

**आवेदन पर ₹ 2.50, आबंटन पर ₹ 3, प्रथम माँग पर ₹ 2 तथा शेष द्वितीय एवं अंतिम माँग पर। सभी अंशों पर पूर्ण रूप से अभिदान स्वीकार किया गया सिवाय एक अंशधारी के, जिसने 200 अंशों के लिए आवेदन किया लेकिन द्वितीय एवं अंतिम माँग राशि का भुगतान नहीं किया। उपरोक्त लेनदेनों से रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।**

Tushar Limited issued 20,000 equity shares of ₹ 10 each payable as ₹ 2.50 on application, ₹ 3 on allotment, ₹ 2 on first call and the balance on second and final call. All the shares were fully subscribed and paid except of a shareholder having applied for 200 shares who could not pay for second and final call. Give journal entries from the above transactions.

अथवा/OR

**परिहार लिमिटेड द्वारा ₹ 100 वाले 500 समता अंशों को द्वितीय और अंतिम माँग राशि ₹ 30 प्रति अंश का भुगतान न होने पर जब्त कर लिया गया। इन अंशों में से 400 अंश दिव्यांशु को ₹ 60 प्रति अंश (पुर्ण प्रदत) पर पुनः निर्गमित किया गया। परिहार लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक प्रविष्टियाँ दीजिए।** **[4]**

Parihar Limited forfeited 500 equity shares of ₹ 100 each for non payment of the second and final call of ₹ 30 per share out of these, 400 shares were re-issued at ₹ 60 per share to Divyanshu as (fully paid). Give necessary journal entries in the books of Parihar Limited.

**20)** **रामेश्वर लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 20,000, 9% ऋणपत्रों को 5% बट्टे पर निर्गमित किए जो निम्नानुसार देय हैं –[4]**

**आवेदन पर ₹ 30**

**आबंटन पर ₹ 65**

**समस्त राशियाँ यथानुसार प्राप्त हुई, इसकी रोजनामचा प्रविष्टियाँ कीजिए।**

Rameshwar Limited issued 20,000, 9% debentures of ₹ 100 each at 5% discount which is payable as follows :-

On application ₹ 30

On allotment ₹ 65

All amount received as follows. Give journal entries.

अथवा/OR

**अंश एवं ऋणपत्र के बीच कोई चार अन्तर लिखिए।** **[4]**

Write any four difference between share and debenture.

✈ ✈ ✈

DO NOT WRITE ANYTHING HERE